(6) उर्दू में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम. ए.) (MASTER OF ARTS IN URDU.)
Structure and Brief Syllabi of the M.A in Urdu
(एम.ए. उर्दू की पाठ्य संरचना एवं संक्षिप्त सिलेबस)

उद्देश्य : उर्दू किसी परिचय की मोहताज नहीं । जनसंख्या एवं लोकप्रियता की दृष्टि से इसका क्षेत्र व्यापक है । उर्दू साहित्य में एक से बढ़ कर एक साहित्यकार एवं कवि हुए हैं । अमीर खुसरो, वली, मीर, गालिब, शाद, फिराक, एकबाल, आदि की रचनाओं के विषय में जानने के लिए उर्दू का विशेष ज्ञान आवश्यक है; परन्तु इसके लिये अध्ययन-अध्यापन संस्थानों की कमी है । बहुत से ऐसे छात्र-छात्रायें हैं, जो उर्दू भाषा के विधिवत् अध्ययन के लिए अवसर नहीं निकाल पाते हैं । ऐसे छात्रों के लिये उर्दू में मास्टर ऑफ आर्ट्स पाठ्यक्रम उपयोगी होगा। **इस पाठ्यक्रम में नामांकन के लिये न्यूनतम योग्यता स्नातक है।**

पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा नियमावली : उर्दू में एम.ए. पाठ्यक्रम में कुल 16 पत्र होंगे (प्रथम वर्ष में कुल 8 पत्र एवं द्वितीय वर्ष में कुल 8 पत्र)। प्रत्येक पत्र 100 अंकों का होगा और प्रत्येक पत्र की परीक्षा अवधि तीन घंटे की होगी । सभी सैद्धान्तिक पत्रों में 80 अंकों के लिये तीन घंटों की परीक्षा होगी एवं 20 अंकों का सत्रीय कार्य जमा करना होगा ।

परीक्षा नियमों के अनुसार प्रत्येक पत्र में उत्तीर्ण होना आवश्यक है । उसके बाद ही विद्यार्थी को उस वर्ष/पार्ट की परीक्षा में उत्तीर्ण समझा जायेगा और अगले वर्ष/पार्ट में प्रोमोट किया जा सकेगा । इस पाठ्यक्रमों में उत्तीर्णता के लिये सभी पत्रों में कम से कम 33% अंक प्राप्त करना आवश्यक है । उपर्युक्त रूप से निर्धारित प्रतिशत प्राप्तांकों की गणना प्रत्येक पत्र की लिखित परीक्षा तथा सत्रीय कार्य में प्राप्त कुल अंकों को जोड़कर की जायेगी । इसी प्रकार सभी पत्रों में अंकों की गणना की जायेगी, परन्तु यदि किसी पत्र के लिखित परीक्षा अथवा सत्रीय-कार्य में शून्य अंक प्राप्त होता है तब उस पत्र में अनुत्तीर्ण समझा जायेगा । एक भी पत्र में अनुत्तीण होने का अर्थ यह होगा कि वह विद्यार्थी उस पार्ट की परीक्षा में अनुत्तीर्ण समझा जायेगा और उसे फिर से परीक्षा देनी होगी तथा सत्रीय कार्य जमा करना होगा । अतः विद्यार्थियों को पूरी सतर्कता से लिखित परीक्षा तथा सत्रीय-कार्य की तैयारी करनी चाहिये जिससे कि दोनों का अंक मिलाकर वे प्रत्येक पत्र में उत्तीर्णता प्राप्त कर सकें और इस प्रकार अगले पार्ट में प्रोमोशन के योग्य हो जायें । पत्रों का विवरण निम्नवत है :

पत्र संख्या	पत्र का नाम	अंकों का वितरण		उत्तीर्ण होने के लिये आवश्यक न्यूनतम अंक लिखित परीक्षा+सत्रीय कार्य)
		लिखित परीक्षा	सत्रीय कार्य	
	प्रथम वर्ष			
1.	(उर्दू जुबान-व-अदब की कदीम तारीख)	80	20	33
2	(क्लासिकी उर्दू जुबान-व-अदब)	80	20	33
3	(उर्दू शायरी का अहद-ए-मोतवसित)	80	20	33
4	(उर्दू नस्र का अहद-ए-मोतवसित)	80	20	33
5	उर्दू नस्र का अहद-ए-मोतवसित (गैर अफसानबी)	80	20	33
6	(जदीद उर्दू शायरी)	80	20	33
7	(जदीद उर्दू नस्र)	80	20	33
8	(लेसानियात और उरूज-व-बलागत)	80	20	33
	कुल	**640**	**160**	**264**

	द्वितीय वर्ष			
9	(उर्दू में तनकीद; उसूल और इस्तेमाल)	80	20	33
10	(उर्दू अदब में अदबी तहरीकें)	80	20	33
11	(उर्दू अदब के अहम मराकिज)	80	20	33
12	(तसव्वुफ और हिन्द इस्लामी तहज़ीव)	80	20	33
13	(उर्दू शायरी–1947 के बाद)	80	20	33
14	(उर्दू नस्र–1947 के बाद)	80	20	33
15	(हिन्दुस्तान के दूसरे हमअसर अदब)	80	20	33
16	(मुख्तलिफ अदबी असनाफ और शख्सियात पर अदबी 'मजामिन'	80	20	33
	कुल	**640**	**160**	**264**